# तिरुच्चि दर्पण

## திருச்சி தர்பண் TIRUCHY DARPAN





अंक : 5
2022 जनवरी

இதழ் : 5
2022 ஜனவரி

ISSUE : 5
2022 January

सीमा शुल्क मुख्य आयुक्त (निवारक) जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि
नं 1 विल्लियम्स रोड, कन्टोनमेंट, तिरुच्चिराप्पल्लि 620 001

CHIEF COMMISSIONER OF CUSTOMS (PREVENTIVE) ZONE,
NO.1, WILLIAMS ROAD, CANTONMENT, TIRUCHIRAPPALLI 620 001

# मुख्य आयुक्त, डॉ. उमा शंकर द्वारा सीमा शुल्क सुविधा केन्द्र का उद्घाटन











# तिरुचि दर्पण

## திருச்சி தர்பண் TIRUCHY DARPAN

## सीमा शुल्क (निवारक) जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि

## CUSTOMS (PREVENTIVE) ZONE, TIRUCHIRAPPALLI

| | | |
|---|---|---|
| अंक : 5<br>2022 जनवरी | இதழ் : 5<br>2022 ஜனவரி | ISSUE : 5<br>2022 January |


பொறையொருங்கு மேல்வருங்கால் தாங்கி இறைவற்கு
இறையொருங்கு நேர்வது நாடு – திருவள்ளுவர்

एक साथ जब आ पड़े, जब भी सह सब भार ।
देता जो राजस्व सब, है वह राष्ट्र अपार ।।

तिरुवल्लुवर

(हिन्दी अनुवाद – मु.गो. वेंकटकृष्णन)


| | |
|---|---|
| **प्रधान संपादक**<br>डॉ उमा शंकर<br>मुख्य आयुक्त,<br>सीमा शुल्क (निवारक), जोन, तिरुच्चिराप्पल्लि<br>प्रबंध संपादक | **Editor-in-Chief**<br>Dr. **Uma Shanker**<br>Chief Commissioner,<br>Customs (Preventive)Zone Tiruchirappalli |
| **प्रबंध संपादक**<br>**श्री डी. अनिल**<br>आयुक्त,<br>सीमा शुल्क (निवारक) तिरुच्चिराप्पल्लि<br><br>**श्री दिनेश के चक्रवर्ती,**<br>आयुक्त,<br>सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि | **Managing Editor**<br>Shri **D. Anil**<br>Commissioner,<br>Customs (Preventive), Trichy<br><br>Shri. **Dinesh K. Chakravarthy**<br>Commissioner,<br>Custom House Tuticorin |

## संपादक दल

सर्वश्री / श्रीमती

| | | |
|---|---|---|
| डॉ उमा शंकर | मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक), तिरुच्चिराप्पल्लि | प्रधान संपादक |
| डी. अनिल | आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक) तिरुच्चिराप्पल्लि | प्रबंध संपादक |
| दिनेश के चक्रवर्ती | आयुक्त, सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि | प्रबंध संपादक |
| वी.एस. वेंकडेश्वरन | अपर आयुक्त, सीमा शुल्क, (मुआका), तिरुच्चिराप्पल्लि | संपादक |

## संपादक

| | | |
|---|---|---|
| एम. राजराजेश्वरी | सहायक निदेशक (रा.भा.), मु आ कार्यालय | सर्वकार्यभारी संपादक |

**हिन्दी**

देवेन्द्र सिंह सिकरवार — वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, मु आ कार्यालय

**तमिल**

जी वेंकटसुब्रमणियन, — अधीक्षक, सीमा शुल्क मुख्यालय, तिरुच्चिराप्पल्लि

**अग्रेजी**

एन. सत्यनारायण — अधीक्षक मु आ कार्यालय, तिरुच्चिराप्पल्लि

## EDITORIAL BOARD

S/Shri/Smt

| | | |
|---|---|---|
| Dr. Uma Shanker | Chief Commissioner, Customs (Preventive) | Editor-in-Chief |
| D. Anil | Commissioner, Customs (Preventive),Trichy | Managing Editor |
| Dinesh K. Chakravarthy | Commissioner, Custom House,Tuticorin | Managing Editor |
| V.S. Vengadashwaran | Additional Commissioner, CC(P) Office | Editor |

**Editors**

| | | |
|---|---|---|
| M. Rajarajeswari | Assistant Director (O.L) , CC Office Trichy | Editorin overall charge |

**Hindi**

Devendra Singh Sikarwar — Senior Translation Officer,CC Office Trichy

**Tamil**

G. Venkatasubramanian — Superintendent, Customs Hqrs., Trichy

**English**

N. Sathyanarayanan — Superintendent, CC Office Trichy

The articles appearing in Tiruchy Darpan do not necessarily reflect the view of the Department. The responsibility for the opinions expressed and accuracy of the statement rests with the authors.


**Front Cover Image : Thiruvanaikoil** **Back Cover Image : Rockfort view**

**बालेश कुमार**
सदस्य एवं विशेष सचिव
**BALESH KUMAR**
Member & Special Secretary

सत्यमेव जयते

Azadi Ka Amrit Mahotsav

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली - 110001
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs
North Block, New Delhi - 110001
Tel.: +91-11-23092628, Fax : +91-11-23092346
E-mail : memberinv.cbic@gov.in



## संदेश

यह जानकर ख़ुशी हुई कि तिरुच्चिरापल्लि सीमा शुल्क (निवारक) जोन, द्वारा विभागीय त्रिभाषी ई-पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण " के पांचवे अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। राजभाषा के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से यह सराहनीय है। यह अधिकारीयों की भाषा के प्रति जागरूकता एवं राजभाषा के कार्यान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। "तिरुच्चि दर्पण" के पांचवें अंक के प्रकाशन के लिए मेरी शुभकामनायें।

(बालेश कुमार)

# आजादी का अमृत महोत्सव: तिरुच्चिराप्पल्लि सीमा शुल्क में खादी प्रदर्शनी एवं बिक्री







**डॉ. उमा शंकर**
मुख्य आयुक्त

## प्रधान संपादक की कलम से ...............................

गत वर्ष की तरह “तिरुच्चि दर्पण” का पाँचवा अंक भी ई-पत्रिका के रूप में आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है, यह सचमुच प्रसन्नता का विषय है। ई पत्रिका का कम समय में ही अनेक पाठकों तक पहुँचाया जाना सुगम होता है साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल होती है। यह त्रिभाषी पत्रिका है अतः इसमें “हिंदी”, “अंग्रेजी” एवं प्रांतीय भाषा “तमिल” की रचनाओं का समावेश है। भाषा के प्रचार-प्रसार में मूल रचनाओं का सृजन महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से ऐसा प्रयास अधिकारियों को हिन्दी में मूल कार्य करने के लिए प्रोत्साहित एवं संवैधानिक दायित्व के प्रति जागरुक करेगा। पत्रिका में अधिकारियों के परिजनों की रचनाओं को भी स्थान दिया गया है जिससे इसे बहुआयामी एवं आकर्षक बनाया जा सके।

पत्रिका के संपादक मंडल, पत्रिका के सृजन से जुड़े सभी अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिजन बधाई के पात्र हैं। पत्रिका के प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**(डॉ. उमा शंकर)**
मुख्य आयुक्त




**डी. अनिल**

आयुक्त,
सीमा शुल्क (निवारक)
तिरुच्चिराप्पल्लि


## प्रबंध संपादक की कलम से..........

तिरुच्चि दर्पण का पाँचवाँ अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। हमेशा की तरह पत्रिका को जोन में कार्यरत अधिकारियों की रचनाओं से सजाया गया है। ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित इस अंक में तमिल, हिन्दी एवं अंग्रेज़ी समेत तीन भाषाओं में लिखित रचनाओं को स्थान दिया गया है। आज की इस गतिशील जिन्दगी में लेखन कला को सजीव रखने के लिए इस तरह की पत्रिकाओं की अहम भूमिका है। संपादक मंडल बधाई के पात्र है।

आशा है पत्रिका पाठकों को रुचिकर लगेगी। पत्रिका के बारे में अपने विचारों को हमारे साथ साझा करने की कृपा करें।

डी. अनिल

**(डी. अनिल)**
आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारक)
तिरुच्चिराप्पल्लि



**दिनेश के चक्रवर्ती,**
आयुक्त,
सीमा शुल्क गृह
तूत्तुक्कुडि

## प्रबंध संपादक की कलम से..........



यह प्रसन्नता का विषय है कि तिरुच्चिराप्पल्लि सीमा शुल्क (निवारक) जोन की विभागीय पत्रिका "तिरुच्चि दर्पण" का पाँचवां अंक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित होने जा रहा है। सीमा शुल्क गृह, तूत्तुक्कुडि के अधिकारियों एवं उनके परिजनों द्वारा पत्रिका के लिए स्वेच्छा से रचनाएं प्रस्तुत किया जाना उनके भाषाई ज्ञान, भाषाई प्रेम एवं सृजनात्मक लेखन क्षमता को प्रदर्शित करता है। राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के अनुपालन में विभागीय पत्रिका का प्रकाशन विशेष महत्व रखता है। पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी अधिकारी एवं उनके परिजन बधाई के पात्र हैं। मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं देता हूँ तथा पत्रिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

पत्रिका को बेहतर बनाने हेतु सुझाव आमंत्रित हैं।



**(दिनेश के चक्रवर्ती)**
आयुक्त,
सीमा शुल्क गृह तूत्तुक्कुडि



**वी.एस. वेंकटेश्वरन**
अपर आयुक्त
(मु आ का)

## பதிப்பாசிரியரின் பேனாவிலிருந்து......

'திருச்சி தர்பண்' ஐந்தாவது இதழை உங்கள் முன் வழங்குவதில் மகிழ்ச்சி அடைகிறேன். நமது துறை அலுவலர்கள் தங்கள் முதல் கடமையான, வரி வசூலிப்பு, செய்வதுடன், இலக்கிய படைப்புகளை வழங்குவதற்கும் நேரத்தை ஒதுக்குவதைக் கண்டு பெருமகிழ்ச்சி அடைகிறேன். இவ்விதழானது, அதிகாரிகள் மற்றும் அவரது குடும்ப உறுப்பினர்கள் தங்கள் எழுத்துத் திறனை வளர்த்துக்கொள்ளவும் கூர்மைப்படுத்தவும் பொன்னான வாய்ப்புகளை வழங்கி வருவது மேலும் மகிழ்ச்சியை கூட்டுகிறது. இந்த இதழின் வெற்றிகரமான வெளியீட்டுக்காக தங்கள் படைப்புகளை வழங்கிய எழுத்தாளர்களையும் ஆசிரியர் குழுவையும் இந்நேரத்தில் வாழ்த்தி, பாராட்டி நன்றி கூறி மகிழ்கிறேன்.

## संपादक की कलम से .......

'तिरुच्चि दर्पण' का पाँचवाँ अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे आनंद का अनुभव हो रहा है। मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि हमारा प्रथम कर्तव्य, शुल्क संग्रहण को निभाने के साथ-साथ हमारे अधिकारियों ने समय निकालकर पत्रिका के लिए रचनाओं का योगदान दिया है। यह और भी खुशी की बात है कि यह पत्रिका अधिकारियों एवं उनके परिजनों के लिए अपनी लेखन पटुता को सान देने के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। मैं इस अवसर पर रचनाएँ दिए लेखकों को तथा पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए संपादक मंडल को बधाई देता हूँ और उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ।

## From the editor's desk.....

It gives me pleasure to place before you the fifth issue of 'Tiruchy Darpan'. I am happy to see that along with performing the prime duty of tax collection, our departmental officials have taken time to contribute articles for the magazine. It is heartening that this magazine provides a golden opportunity for the officers and their family members to hone their writing skills. On this occasion, I congratulate, appreciate and thank the authors who have given articles and the editorial board for successful publication of the magazine.

**वी.एस. वेंकटेश्वरन**
अपर आयुक्त (मु आ का)



**एम. राजराजेश्वरी**

सहायक निदेशक (रा.भा)

## सर्वकार्य प्रभारी संपादक की कलम से .....

तिरुच्चि दर्पण का पाँचवाँ अंक अपने साथ वर्ष 2022 के लिए ढेर सारी आशाएँ और उम्मीदें लेकर आ रहा है - बीमारियों से रहित भविष्य की आशा और मानवता के लिए एक सफल आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन की उम्मीदें।

यह पत्रिका हमारे विशाल देश के विभिन्न भागों को जोड़ने का एक साधन है। तमिलनाडु के मध्य भाग में स्थित तिरुच्चिराप्पल्लि नगर से जारी की गई पत्रिका, अपने नाम के अनुरूप यहाँ की सांस्कृतिक, साहित्यिक और सामाजिक संरचना के दर्पण के रूप में कार्य करती है।

तमिल भाषा के महाकवि सुब्रमण्य भारती की अनगिनत रचनाएँ हैं। तमिल साहित्य को हिन्दी भाषियों तक ले जाने के उद्देश्य से उनमें से एक चयनित रचना, हिन्दी में अनूदित करके विशेष रूप से शामिल की जाती है। 'तमिलमरै' यानी तमिल वेद माने जानेवाले तिरुक्कुरल का एक अध्याय तमिल में उसके हिन्दी अनुवाद सहित पत्रिका के प्रत्येक अंक में प्रकाशित किया जाता है।

यह पत्रिका क्षेत्रीय भाषा तमिल, हिंदी और अंग्रेजी में अधिकारियों की अंतर्निहित साहित्यिक प्रतिभा को प्रकट करने के लिए एक मंच प्रदान करती है।जिन्होंने पत्रिका के प्रकाशन में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग दिया है उन सभी के प्रति मैं आभार प्रकट करती हूँ।

'तिरुच्चि दर्पण' का ताज़ा अंक अब हमारी वेबसाइट पर भी उपलब्ध है और आप अपनी सुविधानुसार कभी भी इसे पढ़ सकते हैं। पत्रिका के विषय और गुणवत्ता को समृद्ध करने के लिए पाठकों के विचारों और सुझावों का स्वागत है।

शुभकामनाएँ और आभार।

एम. राजराजेश्वरी

**(एम. राजराजेश्वरी)**

सहायक निदेशक (रा.भा)



# “उम्मीद”

कोई उम्मीद नहीं करता,  क्योंकि पूरी नहीं होती,
दर्द होता है बहुत, जब मुराद पूरी नहीं होती।
यह सच है, बिना उम्मीद के जिन्दगी चलती नहीं,
मगर उम्मीद जीवन में, पूरी कभी होती नहीं ।।

क्यों कोई जिये बेवजह,  मेरी उम्मीदों के लिए,
क्यों ज़हर का घूँट पिये, मेरी उम्मीदों के लिए।
सब लिए उम्मीद बैठे, आपसे अपने लिए,
मैं रखूं उम्मीद किससे, जो जिये मेरे लिए।
सब मुरादें तो किसी की भी पूरी नहीं होती,
कोई उम्मीद नहीं करता, क्योंकि पूरी नहीं होती।।




**बिन्नू कुमार, अधीक्षक**
केन्द्रीय आसूचना एकक


यकीन नहीं होता अब ज़िन्दगी के फलसफा पर,
उम्मीद लगाए बैठे हैं सब मेरे ऊपर।
यूं जिये जा रहा हूँ दूसरों की उम्मीदों के लिए,
यूं दिन रात एक करता, उनकी मुरादों के लिए।
अब मुझे अपने लिए ही फुरसत नहीं होती,
कोई उम्मीद नहीं करता, क्योंकि पूरी नहीं होती।।

अकसर शिकायतें रहती हैं, सबको मुझसे,
दिखता नहीं कोई ऐसा, करूं उम्मीद जिससे।
सबकी शिकायत दूर करने, दिन-रात एक किए जा रहा हूँ।
दर्द मुझे भी है बहुत पर, फिर भी मैं जिए जा रहा हूँ,
अब मुझे किसी से शिकायत नहीं होती,
कोई उम्मीद नहीं करता, क्योंकि पूरी नहीं होती।।

क्या मांगूँ मैं जगत से, जो मुझे कुछ देता ही नहीं,
उम्मीदें अभी भी बहुत हैं ,पर वजूद मेरा कुछ नहीं।
मेरी उम्मीदों की कब्र, दिन-रात जग ने खोदी है,
और कितनी उम्मीद करूं, ज़िन्दगी बहुत छोटी है,
बस कर्म में तल्लीन हो मन, उम्मीद फल की छोड़कर।
उम्मीद पूरी हो या ना हो , मन कर्म कर, निष्काम कर।।

# "कुछ ऐसा कर जाऊं"



**सतवीर, कर सहायक,**
सीमा शुल्क गृह, तूतुक्कुडि

इस जन्म क्या हर जन्म में कुछ ऐसा कर जाऊँ
तेरे प्यार में मर-मर के, जिंदा हर बार हो जाऊँ।
सुनो जरा, अभी तो बस पढ़ना ही सीखा है,
लिखने जो लगूँ तो, क्या पता गुलजार हो जाऊँ।।

बिकने लगूँ सरेआम तो, रद्दी अखबार हो जाऊँ,
ना बिकूँ तो शायद, कीमत का हकदार हो जाऊँ।
बिन अपनाये तो, शायद मैं बेकार हो जाऊँ,
अपना बना लो, क्या पता कीमती उपहार हो जाऊँ।।

दिल, जिगर, नयन, नज़र तुम चाहो वहाँ रखलो,
दिल में रखो तो तुम्हारे दिल का दरबान हो जाऊँ।
लग जाऊँ गले, तुम्हारे गले का हार हो जाऊँ
मिल जाये संग तुम्हारा, क्या पता तुम्हारा श्रृंगार हो जाऊँ।।

तुम मिलो मुझे तो मैं भी मिलनसार हो जाऊँ,
बेअसर सी इस रूह में भी असरदार हो जाऊँ।
तेरे इनकार या इकरार से समझदार हो जाऊँ,
इस पार नहीं तो क्या पता उस पार हो जाऊँ।।

तेरे प्यार में सब खोने या पाने को तैयार हो जाऊँ,
क्या करूँ ऐसा कि इस कहानी का किरदार हो जाऊँ।
कर जतन कुछ इससे पहले कि, पागल मेरे यार हो जाऊँ।
तुम मेरी दुनिया बन जाओ, मैं तुम्हारा संसार हो जाऊँ।।

# திருக்குறள் । तिरुक्कुरल

मु.गो. वेंकटकृष्णन, एम.ए. अवकाश प्राप्त हिन्दी प्राध्यापक, अलगप्पा कालेज, कारैक्कुडि ने तमिलनाडु के संत तिरुवल्लुवर विरचित तमिल भाषा के प्रसिद्ध ग्रंथ का दोहा छंद में अनुवाद किया है। तमिल मूल तथा नागरि लिपि में अनुवाद किए तिरुक्कुरल का अध्याय ५ नीचे प्रस्तुत है।



## அதிகாரம் - 5 இல்வாழ்க்கை

இல்வாழ்வான் என்பான் இயல்புடைய மூவர்க்கும்
நல்லாற்றின் நின்ற துணை.

துறந்தார்க்கும் துவ்வா தவர்க்கும் இறந்தார்க்கும்
இல்வாழ்வான் என்பான் துணை.

தென்புலத்தார் தெய்வம் விருந்தொக்கல் தானென்றாங்கு
ஐம்புலத்தாறு ஓம்பல் தலை.

பழியஞ்சிப் பாத்தூண் உடைத்தாயின் வாழ்க்கை
வழியெஞ்சல் எஞ்ஞான்றும் இல்.

அன்பும் அறனும் உடைத்தாயின் இல்வாழ்க்கை
பண்பும் பயனும் அது.

அறத்தாற்றின் இல்வாழ்க்கை யாற்றின் புறத்தாற்றிற்
போஒய்ப் பெறுவது எவன்.

இயல்பினான் இல்வாழ்க்கை வாழ்பவன் என்பான்
முயல்வாருள் எல்லாம் தலை.

ஆற்றின் ஒழுக்கி அறனிழுக்கா இல்வாழ்க்கை
நோற்பாரின் நோன்மை உடைத்து.

அறனெனப் பட்டதே இல்வாழ்க்கை அஃதும்
பிறன்பழிப்பது இல்லாயின் நன்று.

வையத்துள் வாழ்வாங்கு வாழ்பவன் வானுறையும் .
தெய்வத்துள் வைக்கப் படும்.

## अध्याय - 5 गार्हस्थ्य

धर्मशील जो आश्रमी, गृही छोड़ कर तीन।
स्थिर आश्रयदाता रहा, उनको गृही अदीन।।

उनका रक्षक है गृही, जो होते हैं दीन ।
जो अनाथ हैं, और जो, मृतजन आश्रयहीन ।।

पितर देव फिर अतिथि जन, बन्धु स्वयं मिल पाँच ।
इनके प्रति कर्तव्य का, भरण धर्म है साँच।।

पापभीरु हो धन कमा, बाँट यथोचित अंश।
जो भोगे उस पुरुष का, नष्ट न होगा वंश।।

प्रेम-युक्त गार्हस्थ्य हो, तथा धर्म से पूर्ण।
तो समझो वह धन्य है, तथा सुफल से पूर्ण।।

धर्म मार्ग पर यदि गृही, चलायेगा निज धर्म।
ग्रहण करे वह किसलिए, फिर अपराश्रम धर्म।।

भरण गृहस्थी धर्म का, जो भी करे गृहस्थ।
साधकगण के मध्य वह, होता है अग्रस्थ।।

अच्युत रह निज धर्म पर, सबको चला सुराह ।।
क्षमाशील गार्हस्थ्य है, तापस्य से अचाह ।।

जीवन ही गार्हस्थ्य का, कहलाता है धर्म।
अच्छा हो यदि वह बना, जन-निन्दा बिन धर्म ।।

इस जग में है जो गृही, धर्मनिष्ठ मतिमान।
देवगणों में स्वर्ग के, पावेगा सम्मान।।

# अंहकार और बलिदान



**सतीश कुमार पाण्डेय**
भाई श्री आनंद कुमार पाण्डेय,
कर सहायक

तुम्हें अपनी कामयाबी पर हुआ अभिमान है।
पीछे मुड़कर देखो जरा, कितनों का भेंट चढ़ा अरमान है।
तेरी बुलंदियों की नींव में, आज भी दीनता के पाँव तले सिसकता कोई इंसान है।
अपने जीवन का हर क्षण वार दिया तुझे, तभी तेरे हिस्से हौसलों की उड़ान है।
लहूलुहान हुए होंगे पाँव किसी के, किसी के लहू के आखिरी कतरे तक बहे होंगे।
दिए होंगे स्वयं के निवाले तुम्हें, खुद कई दिनों खाली पेट रहे होंगे ।
वेदना, व्यथा का सागर अपने सीने में दफन किये होंगे ।
त्रिपुरारी ने पिया विष एक बार, उन्होंने हर कदम पर विष के प्याले पिये होंगे।
स्वयं का सर्वस्व न्योछावर कर, तुम्हें सफलता के आधार दिए होंगे।
धन के मद में चूर कुछ मगरूर कहते हैं - मेरे जीवन में उनका स्थान क्या है?
मैंने पाया सबकुछ अपनी बदौलत, उनका योगदान क्या है?
उन्होंने तो अपना फर्ज निभाया, इसमें बलिदान क्या है?
मैं भी किया वही, जो जहाँ कर रहा है तो मेरा अभिमान क्या है?
मेरा भी प्रश्न एक?,  उनके वजूद के बगैर तुम्हारी पहचान क्या है?
पुरखों के अद्वितीय त्याग से पोषित इस धरा पर तुम्हारा काम क्या है?

# हिंदी हमारी मातृभाषा

हमारी अखंडता एकता सभ्यता संस्कृति के महिमा ज्ञान की भाषा
भारत वसुंधरा के आत्मसम्मान की भाषा
मनु-पुत्रों के गौरव व्याख्यान की भाषा
दुनिया में फतह करने वाले वीरों के सम्मान की भाषा
राम, कृष्ण, बुद्ध आदि के गुण गान की भाषा
विवेकानंद के स्वाभिमान की भाषा
हर वक्त मन में जगाए अभिलाषा
जब-जब हमें घेरे हताशा दिलाती यह हमें दिलासा
अंतर्मन में क्षण-क्षण करे प्रज्वलित नई उम्मीद नई आशा
यह भाषा यथार्थवादी इसने व्योम मंडल में अपनी आभा फैला दी
यह रामचंद्र के गुणगान की भाषा तुलसी के मधुर गान की भाषा
कृष्ण के महिमा बखान की भाषा
सूरदास के कल्याण की भाषा
प्रसाद, पंत, निराला, बोध,दिनकर के राष्ट्रीय गौरव गान की भाषा
रहीम, कबीर के ऐलान की भाषा
नागार्जुन के ग्रामीण गांव की भाषा
गरीबों की पहचान की भाषा
महादेवी और सुभद्रा कुमारी चौहान की भाषा
भारतेंदु के उल्लास की भाषा
शुक्ल के इतिहास की भाषा
हम सबके विश्वास के और संत प्रकाश की भाषा
बिस्मिल्लाह खान की शहनाई की पहचान की भाषा
हजारों कवियों के बलिदान, अनुसंधान की भाषा
इमरत, पुनर्नवा, झूठ-सच और गोदान की भाषा
बिहारी के नीति गान की भाषा
मैथिल कोकिल के गंगा स्तुति की तान की भाषा
पंचतंत्र, माँ, ढहते विश्वास के सामाजिक पहचान की भाषा
राधाकृष्णन के व्याख्यान की भाषा
अटल जैसे समर्थवान की भाषा
सुषमा स्वराज की पहचान की भाषा
यह प्यार, सत्कार, संस्कार सदव्यवहार, प्रतिकार और हुंकार की भाषा
हिंदी है हर सरकार की भाषा
विश्व में अब, बन रही यह नई उड़ान की भाषा
**आओ बनाएं मिलकर इसे वसुंधरा के प्रथम स्थान की भाषा।**

# “ऐ जिंदगी”



राजेश कुमार,
अधीक्षक

मुझे याद है अंधेरी गलियाँ,
जहाँ मैं तेरी राह देखता था ऐ जिंदगी ।
हर सुबह जब तू मुझसे मिलती थी, 'अपने सफर का आगाज करता था ऐ जिंदगी।
मैं था तन्हाई थी और थे मेरे सपने,
शुक्रगुजार हूँ तेरा जो तूने सच कर दिखाया ऐ जिंदगी ।
मैंने तेरी पलकों की छाँव में लिया है आसरा,
हर दर्द से रू-बरू तूने कराया है जिंदगी |
मैं कमजोर था, टूटा था, हालातों से लड़कर ,
तूने मुझे गिरकर उठना सिखाया है जिंदगी ।
सरपरस्त था मैं अपने अनगिनत अरमानों का,
आजादी का एहसास तूने दिलाया ऐ जिंदगी ।
नहीं डरता अब मैं इन काले घने अंधेरों से,
चिरागों को चिरागों से जलाना तूने ही तो दिखाया ऐ जिंदगी।
इल्तिजा है मेरी इन बादलों से बरस जाएँ इस सूखी जमीं पर,
एक गुलशन तूने भी तो लगाया है ऐ जिंदगी ।
मैं बयाँ नहीं कर सकता तेरी चाहत को शब्दों में,
सर्दी की रात में दहकती हुई एक आग है ऐ जिंदगी।
एक महक है. इस फ़िज़ा में जो मदहोश करती है मुझे,
जी करता है तुझे गले लगा लूँ ऐ जिंदगी।






श्रीमती मीनाक्षी कुमारी
w/o श्री केशव देव, निरीक्षक


# कोरोना

कोरोना है सबसे बड़ी बीमारी,
इससे है पूरी दुनिया हारी।।

समस्या है कैसी नई पधारी,
गुलामी कर रही इसकी दुनिया सारी।।

लोग बंद हैं घरों में यहाँ,
जाने है इसका अंत कहाँ।

मनुष्य जीवन हो जाएगा खराब,
अगर कोरोना का नहीं किया गया इलाज।।

क्यों न इसका अब अंत करें हम,
कोरोना का टीका लगवाएं हम।

क्यों इससे अब हम सब डरें।
तो आओ मिलकर एक प्रण करें।

एक नई दुनिया बसाएंगे,
प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएंगे।

सबका टीकाकरण कराकर,
कोरोना को जड़ से मिटाएंगे।।

# "तो समझ लेना"

जिंदगी के किसी दौर में,
जब तुम खुद को अकेले पाओ,
तो खुद को चाँद समझ लेना,
जो अकेले ही स्याह रातों को
उजियारी करता है
जब मंजिल दूर लगे,
और पद पर भी ठोकर लगे,
तो खुद को दीवार पर चढ़ती
नन्ही चींटी समझ लेना,
जो सौ बार फिसलती है पर
हिम्मत नहीं खोती है।
जब राहों में कांटे ही कांटे हों,
और मुश्किलों के पत्थर राह रोके हों,
तो खुद को वह शिल्पकार समझ लेना
जो पत्थर को तराश कर ईश्वर बना दे ---
जब हो रहा हो मन हताश,
और विश्वास में न रहे कोई आस
तो खुद को बच्चा समझ लेना
और हर-मन को सच्चा समझ लेना ॥


महेश कुमार मीणा,
अधीक्षक

# चाह

हे भगवान! तू भले ही उदार दिलवाला है,
सबका हितैषी है, किंतु बड़ा औढर-दानी है।
किसीको बाकी कुछ दिया या नहीं दिया,
लेकिन यह एक तो अवश्य दिया-

भूखों मरनेवालों को भोजन की चाह,
भोजन मिल जाए तो प्यार की चाह,
प्यार मिलने पर परिवार की चाह,
परिवार के लिए मकान व गाडी की चाह।।

जग में हो रहे सारे अन्याय का,
मानव की चाह, बेशक मूल है इसका।
न माँ-बाप, न भाई-बहन की चिंता कभी,
होती इस चाह रूपी मायाजाल में फँसते ही।।

चाह बिना जिन्दगी नीरस है,
असीम चाह, असीम अमृत समान विष है।
चाह ऐसी दो कि जिसकी सीमा भी हो,
जिससे मन में, विश्व में शांति की कमी न हो ।।



एम. राजराजेश्वरी,
सहायक निदेशक (रा.भा)

# GOLDEN KEY

The unkind word spoken by a friend
The one unspoken by one loved
The letter, which hurt, when received
The one yearned for, not received.

A word uttered, may a dispute create
One unuttered, a friend may it alienate
Too much eloquence is chatter
What is spoken does always matter.

When the mind is restless
And is trapped in thoughts endless
There is one that gives us peace
And thus makes us feel at ease.

The golden key to a peaceful mind
One can in market not find
It is that which bestows resilience
And can it be anything else but SILENCE?

# छठ महापर्व





**नीरज कुमार**
अधीक्षक

यूँ तो उदीयमान सूर्य की पूजा हर कोई करता है: परंतु भारतवर्ष में स्थित बिहार राज्य में मुख्य रूप से आयोजित त्योहारों में से एक, छठ महापर्व ऐसा त्योहार है जो कि अस्ताचलगामी सूर्य की भी आराधना उसी समभाव से करता है जिस भाव से उगते सूर्य की। यह इस बात का द्योतक है कि जिसने अपने प्रकाश से विश्व को आलोकित किया, हम उसके अवसान के समय भी उसकी पूजा करते हैं व उसका सम्मान करते हैं। साथ ही इस बात का भी परिचायक है कि हर अंधकार के बाद एक नया सवेरा, एक नई उर्जा, एक नई आशा की किरण अवश्य आएगी|

छठ पर्व मुख्यतः वर्ष में दो बार मनाया जाता है। एक चैती छठ जो कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के षष्ठी के दिन मनायी जाती है तथा दूसरी जो कि सर्वाधिक लोकप्रिय है वह है कार्तिक छठ, जो कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के छठे दिन के आधार पर मनायी जाती है। इस संदर्भ में अनेक पौराणिक कथाएँ मौजूद हैं। छठ पर्व में सूर्योपासना के साथ-साथ छठी मईया की भी पूजा की जाती है। पुराणों में नव दुर्गा की षष्ठी रूप माँ कात्यायनी को ही षष्ठी देवी कहा गया है। सनातन धर्म के अनुसार षष्ठी देवी को ब्रह्मा की मानस पुत्री कहा गया है तथा षष्ठी देवी को सूर्यदेव की मानस बहन भी कहा गया है। (मानस पुत्री का अर्थ है जिसका जन्म केवल मन के तरंगों के मिलन से हुआ है।) यह हमारे वेद-पुराण की खासियत है कि इसमें अत्याधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के भी साक्ष्य मौजूद हैं। बिहार राज्य का एक जिला है 'भागलपुर' जो कि महाभारत काल में अंग प्रदेश के नाम से जाना जाता था। जिसके राजा स्वयं सूर्यपुत्र कर्ण थे। उनके द्वारा भी सूर्योपासना व छठ पूजा करने का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है द्रोपदी व पाण्डवों ने भी खोया राज-पाट पाने के लिए छठ-पूजा की थी। | साथ ही रामायण में भी उल्लेख है कि वनवास से लौटने के पश्चात् राम-सीता ने रामराज्य की स्थापना हेतु इस पूजा विधि को आयोजित किया था।

छठ- पूजा वस्तुत: 4 दिनों तक की जाती है। जो व्रत रखते हैं उनके लिए यह एक तपस्या के समान है। कार्तिक मास / चैत्र मास की चतुर्थी से प्रारंभ होकर यह सप्तमी को समाप्त होती है।

नहाय-खाय :
कार्तिक चतुर्थी के दिन व्रती व अन्य भक्त सभी घर-आँगन की सफाई करके गोबर से लीपने के पश्चात भोजन बनाते हैं। खासकर इस दिन लौकी - चना दाल की सब्जी बनाने का रिवाज है। छठ पूजा में शुद्धता का खास ध्यान रखा जाता है।

खरना-
इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखते हैं। शाम को दूध, चावल व गुड़ से बनी खीर / रसिया का भोग के पश्चात सेवन किया जाता है। व्रती पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर सेवा-भाव से शाम में यह प्रसाद ग्रहण करते हैं उसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत होता है जो सप्तमी को समाप्त होता है।

संध्या-अर्घ्य :
इस दिन सभी अपने घरों में सुविधानुसार कच्चे बाँस की बहंगी /टोकरी बनाते हैं साथ ही शुद्ध आटे व गुड़ मात्र से भोग लगाने हेतु पकवान बनाते हैं। यह ठेकुआ कहलाता है। सिर्फ 2-3 व्यंजनों से निर्मित यह पकवान स्वाद में अलौकिक होता है। संध्या समय सभी भक्त व व्रती नदी-तालाब के घाट पर एकत्रित होते हैं। घाट को केले के पत्ते व गन्ने वगैरह से सुसज्जित किया जाता है। व्रती महिलाएं व पुरुष कमर तक पानी में समाधि लेकर सूर्य देव व छठी माता की आराधना करते है तथा भक्त लोग सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस समय के लोगगीत जो महिलाओं द्वारा गाए जाते हैं, अद्भुत कर्णप्रिय होते हैं। संध्या अर्घ्य के पश्चात् सभी लोग वापस सूप व पूजा सामग्री को व्यवस्थित कर वापस लौट जाते है ।

प्रातः अर्घ्य :
सप्तमी के दिन उषाकाल से पहले ही सभी भक्त घाट पर इसी प्रकार एकत्रित होते हैं जैसे पूर्व संध्या समय हुए थे। उस प्रातः वेला की ठिठुरती ठंड में भी व्रती जल में खड़े होकर सूर्यदेव व छठ माता के लिए गीत गाते हैं। सूर्योदय के पश्चात् उनको सूप में भोग चढ़ाया जाता है तथा सभी भक्त-गण कच्चे दूध व जल से उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। इस दिन पूरे घाट पर समरसता का भाव होता है। सभी लोग ऊँच-नीच, जात-पाँत आदि से ऊपर उठकर सभी व्रती का आशीर्वाद लेते हैं उनके आगे नतमस्तक होते हैं। इस प्रकार अंतिम दिन घाट से लौटने के पश्चात व्रती दूध व जल पीकर अपना व्रत समाप्त करते हैं। इसे पारण कहते हैं।

छठ पर्व कई मायनों में अद्भुत अलौकिक अद्वितीय व अनूठा त्योहार है। इसमें किसी पंडित-पुरोहित, मंदिर-मूरत या अन्य किसी विशेष क्रियाविधि की आवश्यकता नहीं होती है। यह संपूर्ण रूप से प्रकृति को समर्पित है। संपूर्ण जगत को अपने प्रकाश से रोशन करने वाले आदिदेव सूर्य की पूजा, सबको जीवन देने वाले जल में डूबकर की जाती है। भोग की वस्तुएँ भी बिल्कुल ग्रामीण संस्कृति व मिट्टी से जुड़ी हुई हैं। कच्ची हल्दी, गन्ना सूथनी, सिंघाड़े आदि अन्य कई फल हैं जो हमारे देश /गाँव की मूल संस्कृति को दर्शाते हैं। लोगों का आपस में सेवा भाव भी अविस्मरणीय होता है। घाटों को सजाना, कच्चे बांस की बहंगी/टोकरी बनाना, उसे घाट तक पहुंचाना ठेकुआ बनाना, हर कार्य सभी मिल-जुल कर करते हैं। छठ पर्व का गीत संगीत भी पूर्णरूप से मनोहारी है, सीधे दिलों में घर करता है। वह चाहे भोजपुरी, मैथिली, मगही, वज्जिका या अंगिका कोई सी भी भाषा हो सभी भाषा में लिखे गए गीत बिल्कुल माटी से जुड़े होते हैं। शारदा सिन्हा के बोल दिल को छूते हैं उनमें माटी की सुगंध होती है। इनके गीत के बोल व सुमधुर संगीत बड़े ही भावुक व हृदयस्पर्शी होते हैं।

आज की युवा-पीढ़ी जो रोजी-रोटी के लिए अपने गाँव से दूर शहरों में बसी हुई है, मेरी उनसे गुजारिश रहेगी कि छठ त्योहार जैसे मौकों पर अपने पूर्वजों की भूमि पर जरूर जायें तथा इस पारंपरिक सांस्कृतिक सौहार्द्र को और अधिक समृद्ध बनायें | यह लोक-आस्था व परंपरा का पर्व है। आज इसकी ख्याति देश-विदेश में फैल रही है इसकी वजह इसका प्रकृति व जड़ से जुड़ाव ही है। छठ-माता आपकी व सबकी मनोकामना पूर्ण करें ।



# ज़िन्दगी इसी का नाम है यारो

कहने को तो है, बहुत कुछ मेरे मन में,
शुरु कहाँ से करूँ, रहा इस असमंजस में।
ज़िन्दगी हो चली है नीरस-सी इस कशमकश में,
क्यों रखूँ किसी से आस कोई अपने जीवन में।।

समय परीक्षा ले रहा है पल-पल,
भटक रहा हूँ ख़ुशी की आस में दर-दर।
घाव गहरे हो चले हैं अब मेरे मन में,
आस खुशी की कैसे देखूँ अब जीवन में।।

नमक लेके घूमते हैं लोग कर में,
मौका मिले तो छिड़क देते, घाव पर एक पल में।
क्यों भर गया ज़हर इतना ज़िन्दगी में,
क्यों नहीं कोई जिए कुछ पल ख़ुशी के जिंदगी में।

आता है मौका एक, गर ख़ुशी का,
तो तैयार बैठे ग़म अनगिनत, मैं , करूँ क्या।
इस छोटी सी ज़िन्दगी में क्या रखूँ क्या न रखूँ मैं,
सुख-दुख दोनों हमसफर हैं जीवन के अविराम सफर में।।

बहुत मुश्किल से मिलता है, कोई सँभालनेवाला,
बुरे वक़्त में कोई सहारा देनेवाला।
मिले दोस्त कोई ऐसा, तो बस अपना लेना।
जीवन उसका भी खुशियों से तुम भर देना।।

एकपल का भी नहीं भरोसा, काल दगा कब दे जाए,
श्वासों का नहीं कोई भरोसा, कब चलते-चलते रुक जाए।
हँसना मुस्कुराना फितरत है मेरी,
हर हाल में खुश रहना आदत है मेरी।।

कोई नहीं बचा अछूता, सुख-दुख से दोस्तो,
ज़िन्दगी इसी का नाम है दोस्तों ?
जीवन के दिन चार, खुल के जियो यारो,
**ज़िंदा दिली ही ज़िन्दगी का नाम है यारो।।**



**बिन्नू कुमार, अधीक्षक**
केन्द्रीय आसूचना एकक



**धीरज कुमार वर्मा,**
कर सहायक,

मैं पथरीला पथ हूँ जीवन का,
तुम कोमल कंचन काया हो।
मैं घनघोर अंधेरा हूँ जीवन का,
तुम अद्भुत जलती ज्वाला हो।

मैं प्रेम से हरपल दूर रहने वाला,
तुम चाहत की मधुशाला हो।
मैं छल के बल पर जीने वाला,
तुम निश्छल प्रेम का साया हो।

हृदय वेदना
लक्ष्य विहीन पक्षी मैं, प्रेमी नीले आसमान का
भ्रमवश कैद होकर पिंजड़े में भूला अपनी आजादी।
असीम प्रेम था मुझ उड़ते पक्षी का नील गगन से,
पर अतीत हुआ अब सुखमय मेरा जीवन।
पिंजड़े की कैद में अब किसको हृदय वेदना समझाता,
बना शिकार बहेलिया की कुटिल नजरों का।
खो दी मैंने प्राण-प्रिय अपनी आजादी,
जाने क्यूँ, नियति ने भाग्य में मेरे लिख दी बरबादी।।



# निष्प्रयोजन कर्म

**“कमर्णो ह्यपि बोद्धव्यं बोद्धव्यं च विकर्मणः।**
**अकर्मणश्च बोद्धव्यं गहना कमर्णो गतिः॥17॥**




**देवेन्द्र सिंह सिकरवार**
वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी
मु.आ.का. सीमा शुल्क, तिरुच्चिराप्पल्लि


**कर्म का स्वरूप भी जानना चाहिए और अकर्म का स्वरूप भी जानना चाहिए तथा विकर्म का स्वरूप भी जानना चाहिए, क्योंकि कर्म की गति गहन है।(अध्याय ४)”**

कर्म का पहला सिद्धांत है कि कोई भी प्राणी बिना कर्म किए, एक क्षण भी नहीं रह सकता। अब यह कर्ता के विवेक पर निर्भर है कि वह कर्म, अकर्म, विकर्म, निष्काम कर्म या निष्प्रयोजन कर्म में से किसको अधिक महत्व देता है। कर्म से तात्पर्य है – सामान्य कर्म जो किसी न किसी इच्छा के अधीन हो कर किए जाते है। विकर्म का अर्थ है पाप कर्म, अनुचित या निषिद्ध कर्म। कर्ता जब निष्काम भाव से अर्थात् बिना फल की इच्छा से करने योग्य कर्म करता है, ऐसा कर्म निष्काम कर्म कहलाता है। निष्काम कर्म बंधनकारी नहीं होता कर्ता उसके पाप-पुण्य का भागी नहीं होता। कर्म बंधन से मुक्त होने के कारण यह कर्म अकर्म में परिणत हो जाता है।

कर्म का दूसरा सिद्धांत है कि उसका समुचित फल अवश्य मिलता है। फल की इच्छा रखने या न रखने से यह सिद्धांत बदलता नहीं है। इस को इस उदाहरण से समझ सकते हैं कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति दुख, कष्ट और गरीबी पाने की इच्छा से कर्म नहीं करता फिर भी दुख, कष्ट और गरीबी दुनिया में मौजूद हैं। अर्थात् कर्म-फल मन चाही इच्छानुसार नहीं बल्कि औचित्य के अनुसार प्राप्त होता है। भले-बुरे कर्म का फल देर-सवेर मिलता ही है। विडंबना यह है कि फिर भी हम निष्काम कर्म नहीं कर पाते, परिणामस्वरूप कर्म बंधन में बंध जाते हैं।
सभी स्वार्थ रहित कर्म निष्काम कर्म नहीं होते। कर्ता के राग रहित होने के लिए स्वार्थरहित और सप्रयोजन एवं सार्थक कर्म निष्काम कर्म कहलाते हैं। बिना प्रयोजन के स्वार्थ रहित कर्म भी निष्प्रयोजन कर्म बन जाते हैं। निष्प्रयोजन कर्म समाज में अभाव, विषाद, पतन एवं पराधीनता पैदा करते हैं। निष्प्रयोजन कर्मों को हम मुख्य रूप से शारीरिक, वाचिक एवं मानसिक निष्प्रयोजन कर्म में बांट सकते हैं।

शारीरिक निष्प्रयोजन कर्म – बिना किसी प्रयोजन के शरीर से किए गए कर्म जैसे बैठे-बैठे तिनका तोड़ना, पैर हिलाते रहना, समय बिताने के लिए ताश खेलना आदि। कुछ लोग इसके इतने आदी हो जाते हैं कि उनकी कर्मनिष्ठा देखते ही बनती है। कुछ लोग ट्रेन में भारी भीड़ के बीच भी ताश खेलने के लिए जगह बना लेते हैं। कुछ लोग ताश खेलने की जगह पर समय से पहले आकर अपनी जगह सुनिश्चित कर लेते हैं और खेल पूरा होने तक लघुशंका के लिए भी अपना आसन इस भय से नहीं छोड़ते कि तुरंत कोई दूसरा उस पर आसीन हो जाएगा। उनको समय की बरबादी के अतिरिक्त कुछ हाथ नहीं लगता। आज बच्चे भी इससे अछूते नहीं रह गए हैं। वीडियो गेम एवं मोबाइल ने रही-सही कसर पूरी कर दी है।

वाचिक निष्प्रयोजन कर्म – व्यर्थ की बकवास करना, गपशप करना, अपनी शेखी बघारना, अकारण दूसरों की निंदा करना आदि कर्म, वाचिक निष्प्रयोजन कर्म की श्रेणी में आते हैं। इसमें परनिंदा सबसे घोर कर्म है (पर निंदा सम अघ न गरीसा)। निंदारस में लोगों को इतना आनंद आता है कि जैसे लोभी को धन, भोगी को भोग और कामी को रूप-लावण्य मिल गया हो। अहंकारी भी अपना अहंकार छोड़कर निंदक की हाँ में हाँ मिलाने लगता है, मौनी भी अपनी मुंडी हिलाकर मूक सहमति दे देता है। इसमें लोगों का कितना समय एवं सामर्थ्य व्यर्थ होता है, आकलन नहीं किया जा सकता है।

मानसिक निष्प्रयोजन कर्म – किसी भी कर्म की उत्पत्ति पहले मन में विचार के रूप में होती है। विचार का निश्चय बुद्धि द्वारा किया जाता है तत्पश्चात् वही विचार कर्म में परिणत हो जाता है। इसलिए मानसिक कर्म शारीरक कर्म से अधिक महत्व रखते हैं। फालतू चिंतन, भूतकाल का चिंतन, भविष्य की अनावश्यक चिंता, अपने निर्धारित कर्म छोड़ कर अन्य विषयों का चिंतन आदि मानसिक निष्प्रयोजन कर्म की श्रेणी में आते हैं। बुद्धू हलवाई रबड़ी बना रहा था। मानसिक चिंता उसके चेहरे पर स्पष्ट झलक रही थी। किसी ग्राहक ने उसकी चिंता का कारण पूछ ही लिया। बुद्धू हलवाई बोला अरे भैया सुना है एक दिन सूरज भी ठंडा हो जाएगा, जब आग ही नहीं बचेगी तो रबड़ी कैसे बनेगी? बस यही चिंता मुझे खाए जा रही है। ऐसा चिंतन जो सार्थक कर्म में परिणत नहीं हो सके, मानसिक निष्प्रयोजन कर्म में ही गिना जाएगा।

**सारांश में हम कह सकते है कि हमें निष्काम कर्म तो करने चाहिए किंतु वे भी निष्प्रयोजन नहीं होने चाहिए।**




# सोशल मीडिया समाज के लिए हितकर या अहितकर

(हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त निबंध)



**अविनाश मिश्र, अधीक्षक**
सीसीओ तिरुच्चि

**"कनेक्टिविटी (परस्पर जुड़ाव ) एक मानव अधिकार है। "- मार्क जुकरबर्ग "**
**सोशल मीडिया ने हमारे संवाद को लोकतांत्रिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। -**
**"माननीय प्रधान मंत्री - नरेन्द्र मोदी"**

**परिचय :**

सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अपने विचारों को एक दूसरे के साथ साझा कर एक नई बौद्धिक दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है। इस अधिकार के प्रयोग के लिए सोशल मीडिया ने जो अवसर नागरिकों को दिए हैं, एक दशक पूर्व उनकी कल्पना भी किसी ने नहीं की होगी। दरअसल, इस मंच के जरिये समाज में बदलाव की बयार लाई जा सकती है।

कुछ लोगों का मानना है कि यदि आप डिजिटल प्रणाली अपनाने में सक्षम नहीं हैं तो आपका कोई अस्तित्व नहीं है यही कारण है। कि आज के आधुनिक युग को डिजिटल युग के नाम से भी जाना जाता है।

**सोशल मीडिया से तात्पर्य :-** वे प्रौद्योगिकियाँ जो " सामाजिक संजाल स्थल " ( सोशल नेटवर्किंग साइट्स) का प्रयोग करके सूचनाओं, चित्रों और विचारों को अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ साझा करने की अनुमति प्रदान करती हैं उन्हें हम सोशल मीडिया कहते हैं, उदाहरण- फेसबुक, ट्विटर, यू –ट्यूब, गूगल आदि। यह आज के समाज का एक अभिन्न अंग है जिसके माध्यम से हम कहीं भी, कभी भी किसी भी प्रकार की जानकारी अविलम्ब प्राप्त कर सकते हैं। अपनी सेवाओं के अनुसार सोशल मीडिया के लिए संचार प्रौद्योगिकी उपलब्ध है। उदाहरणार्थ.

| | | |
|---|---|---|
| सहयोगी परियोजना | - | उदाहरण के लिए, विकिपीडिया |
| ब्लॉग और माइक्रोब्लॉग | - | उदाहरण के लिए, ट्विटर |
| सोशल खबर नेटवर्किंग साइट्स | - | उदाहरण के लिए, डिग लेकररनेट |
| सामग्री समुदाय | - | उदाहरण के लिए, यूट्यूब और डेली मोशन |
| सामाजिक नेटवर्किंग साइट | - | उदाहरण के लिए फेसबुक |
| आभासी खेल दुनिया | - | उदाहरण के लिए, वर्ल्ड ऑफ वारक्राफ्ट |
| आभासी सामाजिक दुनिया | - | उदाहरण के लिए, सेकंड लाइफ |

सोशल मीडिया का मानव जीवन पर लाभकारी / हितकारी प्रभाव :

**जब हम सोशल मीडिया के लाभों की बात करते हैं तो हमें यह लगता है कि शायद ही मानव जीवन का कोई पहलू इससे अछूता रहा है जिसमें से कुछ निम्नलिखित हैं: -**

**रोजगार का सृजन :-** सोशल मीडिया रोजगार प्रदान करने का एक साधन बन चुका है। इससे लोग स्वरोजगार करके धन अर्जित कर सकते हैं। इससे जुड़े कुछ कैरियर हैं- सोशल मीडिया मार्केटिंग एक्सपर्ट, कंटेंट राइटर, ब्लॉगर, यू-ट्यूबर सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर

**शिक्षा के क्षेत्र में :-** सोशल मीडिया का प्रयोग करके कोई भी व्यक्ति अनेकों विषयों के बारे मे आसानी से घर बैठे ज्ञान प्राप्त कर सकता है। दुनिया के एक देश मे बैठा व्यक्ति दूसरे किसी भी देश के जानकार व्यक्ति से सम्पर्क कर उससे ज्ञान प्राप्त कर सकता है।

**व्यापार के क्षेत्र में :-** सोशल मीडिया से जुड़े मोबाइल एप और कम्प्यूटर साफ्टवेयर की सहायता से लोग अपने व्यापार को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा पा रहे हैं। इसके द्वारा प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग व सेल दोनो ही बहुत सरलतापूर्वक व कम खर्च में की जा सकती है।

**राजनीति के क्षेत्र में:- नागरिक पत्रिकारिता , लोकतंत्र का पाँचवां स्तंभ सोशल मीडिया है । इसके द्वारा राजनीतिक अभियान, विज्ञापन योजना व चुनाव जीतने में लोगों को काफी मदद मिलती है।**

| | | |
|---|---|---|
| सामाजिक मुद्दे व सोशल मीडियाव्यापक सोच/संपर्क<br>कमजोर वर्ग तक पहुँच<br>शिक्षा स्वास्थ्य की पहुँच | अर्थ व्यवस्था और सोशल मीडियाप्रत्येक संगठन – सोशल मीडिया विभाग ई-कामर्स<br>स्टार्ट अप<br>डिजिटल मार्केटिंग | नैतिक और सोशल मीडियाअनु. 19 यूएनओ - मानवाधिकार |

